प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रांची में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस की छवि सुधारने के उद्देश्य से तीन थाना प्रभारियों का तबादला किया गया है। एसएसपी ने आज जारी अधिसूचना में अनिल कुमार तिवारी को अरगोड़ा, शशिभूषण चौधरी को ओरमांझी और पूनम कुजूर को चुटिया थाना प्रभारी नियुक्त किया है। नई पदस्थापनाओं से पुलिस व्यवस्था में तेजी और जनसंपर्क में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

****

जोनल आईजी मनोज कौशिक ने रांची के अरगोड़ा थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। हाजत में बंद एक युवक से मारपीट के मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

****

पंचायती राज विभाग और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड प्रमुखों और उप प्रमुखों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरू हुआ। प्रशिक्षण में शामिल प्रमुखों और उप प्रमुखों ने इसे योजनाओं को धरातल पर उतारने में उपयोगी बताया। कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर श्वेता झा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों को व्यावहारिक टिप्स और नीतिगत जानकारी दी जा रही है। वहीं आईआईएम रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्रशिक्षण जनप्रतिनिधियों की क्षमता संवर्धन और योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित है।

****

धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम में थर्मल फ्लूड इंजीनियरिंग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, इस सम्मेलन में भारत समेत कई देशों के वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान ग्लोबल वार्मिंग, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक उपकरणों की थर्मल चुनौतियों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने नई कूलिंग तकनीकों और ऊर्जा–कुशल डिज़ाइनों को विकसित करने की जरूरत पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि थर्मल इंजीनियरिंग में हो रहा अनुसंधान जलवायु परिवर्तन से निपटने में अहम भूमिका निभा सकता है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य, सभी के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण अंग है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने लोगों से ऐसा वातावरण बनाने का आग्रह किया है, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत की जा सके। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन दूसरों के प्रति करुणा दिखाने को भी रेखांकित करता है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की सराहना भी की।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रांची राज भवन में राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्य सचिव ने राज्यपाल को सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

****

गुमला जिला अंतर्गत महिला अग्रिम पंक्ति सेवा प्रदाताओं जलसहियाओं के नेतृत्व क्षमता और लैंगिक समझ को मजबूत करने के उद्देश्य से एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राज्य के विभिन्न जिलों में ठंड ने दस्तक दे दी है और दिन–रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार रांची में अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जबकि कुछ इलाकों में तापमान 18 डिग्री तक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों में धनबाद के पंचेत में सबसे अधिक 21.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है।

******समाप्त*******